HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक 25.05.2023

आत्महत्या करने जा रहे युवक ने सोशल मीडिया पर डाला वीडियो, पुलिस ने संज्ञान लेकर तत्काल मौके पर पहुँचकर कर बचाई जान

अवगत कराना है कि दिनांक 24/05/2023 को फेसबुक मेटा कंपनी की तरफ से जरिए अलर्ट सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने जा रहा हैं। संबंधित सूचना सोशल मीडिया सेल को प्राप्त हुई थी, उपरोक्त सूचना पर तत्काल थाना मौदहा पुलिस को सूचित किया गया, थाना मौदहा से इचौली पुलिस चौकी इंचार्ज श्री रिंकू तिवारी द्वारा अपने हमराही कर्मचारी हेड कांस्टेबल अशोक हेड कांस्टेबल रणविजय एवं कॉन्स्टेबल धीरेंद्र के साथ मौके पर पहुंचकर थाना मौदहा अंतर्गत अकौना रेलवे गार्ड से संपर्क कर दोनों तरफ से आ रही ट्रेनों को रुकवाया गया। युवक को रेलवे ट्रैक अकौना से समझा-बुझाकर घर लाया गया एवं उसके द्वारा बताया गया कि उसका उसकी फ्रेंड से झगड़ा हुआ था जिसकी वजह से डिप्रेशन में आ गया था और वह आत्महत्या करने के बारे में सोच रहा था और इससे संबंधित वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम/फेसबुक पर अपलोड किया था। चौकी इंचार्ज द्वारा युवक की काउंसलिंग की गई एवं भविष्य में आत्महत्या ना करने संबंधित उसके द्वारा आश्वासन दिया गया।